मेरे कष्ट तू मिटा दे,
दुनिया बनाने वाले,
यह डोर जिंदगी की,
मेरे श्याम के हवाले।।

मेरा ना और कोई,
इस जग में आसरा है,
मुझको तलाश तेरी,
नैनो में सांवरा है,
दर्शन की आरजू है,
गैया चराने वाले,
मेरे कष्ट तु मिटा दे,
दुनिया बनाने वाले।।

दुनिया है मेरी वीरान,
मझदार में है नैया,
आजा ओ माझी बन कर,
मेरी नाव के खिवईया,
साँसों में तुम बसे हो,
दिल में समाने वाले,
मेरे कष्ट तु मिटा दे,
दुनिया बनाने वाले।।

जन्नत में भेज चाहे,

दोज़ख में भेज दे,
हम तो तेरे दीवाने,
इक बार देख ले तू,
हम को नहीं है परवाह,
मुरली बजाने वाले,
मेरे कष्ट तु मिटा दे,
दुनिया बनाने वाले।।

कण कण में व्यापत है तू,
कहता है यह ज़माना,
अब मेरी बारी आयी,
करते हो क्यों बहाना,
मानूंगा मैं तो जब ही,
अपने गले लगाले,
मेरे कष्ट तु मिटा दे,
दुनिया बनाने वाले।।

मेरे कष्ट तू मिटा दे,
दुनिया बनाने वाले,
यह डोर जिंदगी की,
मेरे श्याम के हवाले।।

Source:
https://www.bharattemples.com/mere-kasht-tu-mita-de-duniya-banane-wale/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw